(e) No foreign collaboration is involved in the project.

कृषि फार्मों के लिए रूस से मशीनों का आयात

8249. **श्री यशपाल सिंह :**

श्री स० च० सामन्त :

क्या **खाद्य तथा कृषि** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पांच नये राजकीय कृषि फार्मों के लिए जो मार्च, 1969 तक स्थापित किये जाने थे रूस से 31 लाख रुपए की मशीनों के कब तक आने की संभावना है;

(ख) ये फार्म कब तक काम करना आरम्भ कर देंगे और उन पर होने वाला कितना व्यय सरकार द्वारा वहन किया जायेगा; और

(ग) 1971 तक सरकार द्वारा स्थापित किये जाने वाले 10 फार्मों का ब्यौरा क्या है ?

खाद्य, कृषि, सामुदायिक विकास तथा सहकार मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री अन्नासाहिब शिन्दे): (क) और (ख): सोवियत संघ से उपहार रूप में प्राप्त होने वाली लगभग 31 लाख रुपये की मशीनों से स्थापित पांच फार्मों में से भारसूगुढा (उड़ीसा) हिसार (हरियाना) जालंधर (पंजाब) और रायचूर (मैसूर), के फार्मों ने कार्य करना प्रारम्भ कर दिया है। इन फार्मों के लिए कुछ मशीनें पहले ही प्राप्त हो चुकी हैं। शेष भी चालू वर्ष के अन्त तक प्राप्त हो जाने की आशा है। पांचवें फार्म की स्थापना भी शीघ्र ही केरल में किये जाने की आशा है। इसके फार्म के लिए मशीनरी 1970 तक आने की आशा है।

सोवियत संघ से उपहार स्वरूप प्राप्त होने वाली मशीनरी के अतिरिक्त भारत सरकार इनमें से प्रत्येक फार्म पर पांच वर्ष की अवधि में 3 करोड़ रुपये व्यय करेगी।

(ग) इस समय अन्य कोई फार्म स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं है।

Malpractices In Amar Dye-Chem Limited, Kalyan

8250. SHRI GEORGE FERNANDES : Will the Minister of LABOUR AND REHABILITATION be pleased to state :

(a) whether he has received a communication from the Bombay Labour Union, Bombay about unfair labour practices at Amar-Dye-Chem Limited, Kalyan;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the action Government propose to take in the matter ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF LABOUR, EMPLOYMENT AND REHABILITATION (SHRI BHAGWAT JHA AZAD) (a) Yes, Sir.

(b) The letter contained an allegation against the management of Amar Dye-Chem Ltd., Kalyan of undue interference in the offairs of the trade unions.

(c) As the subject matter of the complaint falls in the State sphere, it was referred to the Government of Maharashtra for necessary action.

बचत बैंकों में हिन्दी में कार्य करना

8251. **श्री रामस्वरूप विद्यार्थी :**

श्री राम चरण :

श्री मोलहू प्रसाद :

क्या **सूचना तथा प्रसारण और संचार** मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या हिन्दी भाषी राज्यों तथा पंजाब, महाराष्ट्र और गुजरात में बचत बैंक खातों सम्बन्धी समस्त कार्य हिन्दी में करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो किस तारीख से ;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं जबकि उन राज्यों की जनता और सरकारें ऐसा चाहती हैं; और